दिन– शुक्रवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 02 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 05 मिनट

---

वेव्स शिखर सम्मेलन में वैश्विक मीडिया संवाद आज सुबह मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में प्रारंभ हुआ। विदेश मंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी और परंपरा के साथ मिलकर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी देश की अनमोल विरासत के बारे में जागरूकता को बढ़ावा दे सकती है। इस अवसर पर सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मीडिया और मनोरंजन उद्योग जगत का बाजार लगभग तीन खरब अमरीकी डॉलर का है। उन्होंने सभी से अपनी कहानी दुनिया के सामने रखने का उचित अवसर प्रदान करने और स्थानीय सामग्री का प्रचार करने की आवश्यकता पर बल दिया। श्री वैष्णव ने कहा कि संस्कृति ही रचनात्मकता को प्रेरित करती है और यह सीमाओं के पार भी लोगों को जोड़ देती है। कार्यक्रम के दौरान सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन तथा सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू भी उपस्थित थे।

———————————————————

खेलों का महाकुंभ खेलो इंडिया यूथ गेम्स चार मई से शुरू हो रहा है। इस महाआयोजन को लेकर प्रदेश में आयोजित गौरव मशाल यात्रा का आज समापन हो रहा है। इसे लेकर पटना में कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। मशाल यात्रा राज्य के अड़तीस जिलों में से सैंतीस जिलों का भ्रमण कर चुकी है। इस यात्रा ने हजारों की संख्या में युवा खिलाड़ियों को प्रेरित किया और उनमें जोश भरने का काम किया है। इस बीच, खेलो इंडिया युथ गेम्स में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। आज जम्मू कश्मीर से पहली टीम मार्शल आर्ट गतका की टीम गया पहुंची। दल का गया स्टेशन पर स्वागत किया गया।

———————————————————

इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज राजगीर खेल अकादमी–सह–खेल विश्वविद्यालय परिसर में निर्मित बास्केटबॉल, हैंडबॉल, वॉलीबॉल कोर्ट और हॉकी प्रैक्टिस

टर्फ सहित कई अत्याधुनिक खेल सुविधाओं का उद्घाटन किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा और खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज बिहार राज्य हज समिति द्वारा पटना में आयोजित शुभकामना संदेश दुआइया मजलिस कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हज भवन में आयोजित कार्यक्रम में हज यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के मंत्री जमां खान भी मौजूद थे।

————————————————————————

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भाजपा सांसद डॉक्टर संजय जायसवाल को वर्ष दो हजार पच्चीस—छब्बीस के लिए प्राकलन समिति का अध्यक्ष नियुक्ति किया है। तीस सदस्यीय इस समिति का कार्यकाल अगले वर्ष तीस अप्रैल को समाप्त होगा। समिति में भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी भी शामिल हैं।

————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने डॉक्टरों को मरीजों के लिए किसी विशेष कंपनी की दवाईयां नहीं लिखने और सिर्फ जेनेरिक दवाईयां लिखने का आदेश दिया है। राजस्थान उच्च न्यायालय पहले ही यह आदेश दे चुका है। दवा कंपनियों की मनमानी से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए शीर्ष न्यायालय ने कहा कि यदि इस निर्णय का पूरे देश में पालन किया जाए तो इससे महत्वपूर्ण सुधार हो सकता है। सर्वोच्च न्यायालय की तीन न्यायाधीशों, न्यायमूर्ति संदीप मेहता, न्यायामूर्ति विक्रम नाथ और संजय करोल की पीठ ने यह आदेश दिया।

————————————————————————

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम के कपाट आज सुबह सात बजे विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार और विशेष पूजा—अर्चना के साथ श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिए गए। इस पावन अवसर पर देश—विदेश से हजारों श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शनों के लिए धाम पहुंचे, जहां भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का अनुपम संगम देखने को मिला।

———————————————————————————

मौसम विभाग ने आज उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य, दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य बिहार में मेघगर्जन और वज्रपात का येलो अर्लट जारी किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार इस दौरान पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, सीतामढ़ी, दरभंगा, भोजपुर, जहानाबाद, पटना, नालंदा और गया समेत पच्चीस जिलों में तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटा के साथ तेज हवा चलने की सम्भावना है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।